विधान सभा प्रश्न

विभाग का नामः – आयुर्वेद विभाग

अतारांकित प्रश्न संख्याः – **212**

उत्तर की तिथिः – **12.12.2018**

विषयः – भवनों का निर्माण

प्रश्नकर्ता का नामः – श्री इन्द्र सिंह (बल्ह)

सम्बन्धित मन्त्रीः – स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री

प्रश्न	उत्तर
आयुर्वेदिक औषद्यालय बैहना, भंगरोटू, लोहारा, हल्यातर, नलसर, खखरियाना, पैडी व बल्ह क्षेत्र में भवनों का निर्माण किया जाना है; यदि हां, तो इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा कार्य कब तक प्रारम्भ किया जाएगा; ब्यौरा दें ?	आयुर्वेद विभाग के अन्तर्गत आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण की नवीनतम स्थिति अनुबन्ध–क पर संलग्न है।

****

अनुबन्ध–क

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्रों के भवन निर्माण की नवीनतम कार्य स्थितिः

क्र. सं.	आयु0 स्वा0 केन्द्र का नाम	नवीनतम कार्य स्थिति
1	बैहना	आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र बैहना के नाम 0–4–0 बिस्वा भूमि उपलब्ध है, जिसके लिए मु0 48.52 लाख रू0 का प्राक्कलन सम्बन्धित कार्यकारी एजेंसी से अक्तूबर 2018 में प्राप्त हुआ है, परन्तु चालू वित वर्ष में अतिरिक्त बजट उपलब्ध न होने के कारण उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु बजट जारी नहीं किया जा सकता है।
2	भंगरोटू	आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र भंगरोटू के नाम 0–5–10 बिस्वा भूमि उपलब्ध है। भवन निर्माण हेतु हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग मण्डी मण्डल को मु0 13.37 लाख रू0 की धनराशि आवंटित की गई है, परन्तु उक्त एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य अभी आरम्भ नहीं किया गया है।
3	लोहारा	इस नाम का कोई भी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र/ संस्थान जिला मण्डी में नहीं है।
4	हल्यातर	आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र हल्यातर के नाम 0–5–0 बिस्वा भूमि उपलब्ध है, जिसके लिए मु0 49.48 लाख रू0 का प्राक्कलन सम्बन्धित कार्यकारी एजेंसी से अप्रैल, 2018 में प्राप्त हुआ है, परन्तु चालू वित वर्ष में अतिरिक्त बजट उपलब्ध न होने के कारण उक्त स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण हेतु बजट जारी नहीं किया जा सकता है।
5	नलसर	आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र नलसर के नाम भूमि उपलब्ध नहीं है।
6	समलौण (खखरियाना)	आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र समलौण (खखरियाना) के नाम भूमि उपलब्ध नहीं है।
7	पैड़ी	आयु0 स्वास्थ्य केन्द्र पैडी के नाम 0–5–0 बिस्वा भूमि उपलब्ध है। भवन निर्माण हेतु हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग मण्डी मण्डल को मु0 23.61 लाख रू0 की धनराशि आवंटित की गई है, परन्तु भूमि विवा द होने के कारण मामला हि0 प्र0 उच्च न्यायलय में चल रहा है, जिस कारण से भवन निर्माण कार्य बन्द है।
8	बल्ह	इस नाम का कोई भी आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र/ संस्थान जिला मण्डी में नहीं है।

****